लोक सभा अध्यक्ष ने अंतर संसदीय संघ की शासी परिषद के 206वें सत्र में भाग लिया|

कुल 144 देशों की संसदें इस सत्र में भाग ले रही हैं।

आईपीयू के नए प्रेसिडेंट के चुनाव की प्रक्रिया आरम्भ हुई|

पुर्तगाल, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान और कनाडा से उम्मीदवार आईपीयू प्रेसिडेंट के चुनाव की दौड़ में हैं|

नई दिल्ली, 1 नवंबर ,2020 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, जो अंतर संसदीय संघ (आई. पी. यु.) की शासी परिषद के 206वें सत्र (1 से 4 नवम्बर 2020) में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, ने आज इसके असाधारण वर्चुअल सत्र में भाग लिया। भारतीय संसदीय शिष्ट मण्डल में श्रीमती पूनमबेन हेमतभाई माडम, संसद सदस्य, लोक सभा और श्री स्वप्न दासगुप्त, संसद सदस्य, राज्य सभा शामिल हैं।

कुल 144 देशों की संसदें इस सत्र में भाग ले रही हैं।

इस असाधारण सत्र के दौरान, कार्यसूची में शामिल अन्य विषयों के अतिरिक्त 2020-23 के लिए आईपीयू के नए प्रेसिडेंट का चुनाव भी शामिल है । आज नए प्रेजिडेंट के चुनाव की प्रक्रिया भी आरम्भ हो गई । चुनाव आज शाम 7.30 बजे से शुरू होकर 24 घंटे में पूरा हो जाएगा। आईपीयू की प्रत्येक सदस्य संसद के तीन संसद सदस्य शासी परिषद में प्रतिनिधित्व करते हैं और तदनुसार उनके तीन मत होते हैं, बशर्ते शिष्ट मण्डल में पुरुष और महिला दोनों हों।

पुर्तगाल से श्री दुआरते पचेको, पाकिस्तान से श्री मोहम्मद संजरानी, उज्बेकिस्तान से श्री अकमल सैदोव और कनाडा से सुश्री सलमा अताउल्लाहजान आईपीयू प्रेसिडेंट के चुनाव के लिए उम्मीदवार हैं।

आज की कार्यवाही IPU के कार्यवाहक प्रेजिडेंट के ओपनिंग रिमार्क्स के साथ शुरू हुई। प्रेजिडेंट के चुनाव के अलावा, गवर्निंग काउंसिल आईपीयू के बजट और अन्य प्रशासनिक मामलों पर भी विचार करेगी।

शासी परिषद आईपीयू का मुख्य नीति निर्माण निकाय है, जिसे अन्य बातों के साथ-साथ आईपीयू के नए प्रेसिडेंट को चुनने का अधिकार प्राप्त है।